State Council of Educational
Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं
प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़,
शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.cor

पत्र क्र. / शिक्षक–शिक्षा / 30–1बी.एड. / प्रवेश / 2015–16 5980 रायपुर दिनांक 30.10.15

बी.एड.पाठ्यक्रम सत्र 2015–16 में प्रवेश के लिए प्रतीक्षा सूची की सूचना

राज्य के शासकीय व निजी शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित बी.एड. पाठ्यक्रम सत्र 2015–16 में परिषद् द्वारा चार चरण की आबंटन प्रक्रिया किये जाने के पश्चात भी सीटें रिक्त रह गई थी। इन रिक्त सीटों को ध्यान में रखकर उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन द्वारा बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश की अन्तिम तिथि में दिनांक 31.10.15 तक की वृद्धि कर दी गई है। इस निर्णय के अनुक्रम में परिषद् द्वारा इन रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए निम्नानुसार प्रक्रिया निर्धारित कर प्रतीक्षा सूची जारी की जा रही है :–

1. इस प्रक्रिया में प्री.बी.एड. 2015 में बैठे ऐसे अभ्यर्थी शामिल किये जायेंगे जिन्होंने किसी भी महाविद्यालय में (बी.एड.पाठ्यक्रम) प्रवेश नहीं लिया है।
2. इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों में से जिन्होंने पूर्व में किसी भी चरण में पंजीयन कराया है किन्तु प्रवेश नहीं लिया है, वे सीधे कहीं से भी इंटरनेट के माध्यम से MKCL के वेबसाइट में जाकर पंजीयन कराएंगे। प्री बी.एड. में बैठे ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में किसी भी चरण में पंजीयन नहीं कराया है वे MKCL के केन्द्र में निर्धारित राशि के चालान तथा आवश्यक दस्तावेजों / प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर पहले पंजीयन करायेंगे। दिनांक 30.10.2015 को शाम 5:30 बजे तक ही पंजीयन की प्रक्रिया की जावेगी। इस हेतु अभ्यर्थियों को SMS से ही सूचना दी जायेगी।
3. दिनांक 30.10.2015 को ही शाम 7:00 बजे तक पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची सभी महाविद्यालयों के Login में दिया जायेगा तथा इसकी सूचना ~~महाविद्यालय द्वारा~~ अभ्यर्थियों को SMS से दी जावेगी।
4. महाविद्यालयों को दिनांक 31.10.2015 तक ही इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रवेश देना होगा। मेरिट का पालन करने की जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी।
5. दिनांक 31.10.2015 के उपरान्त समस्त लिंक महाविद्यालय Log-in से रात्रि 9:00 बजे हटा ली जायेगी।
6. अभ्यर्थियों को SMS से यह सूचना दी जायेगी कि जिन अभ्यर्थियों का नाम प्रतीक्षा सूची में अंकित होगा वे जिस महाविद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक हैं यदि उस महाविद्यालय में सीटें रिक्त है तो दिनांक 31.10.2015 को शाम 5 बजे के पहले समस्त आवश्यक दस्तावेज लेकर उपस्थित होंगे तथा निर्धारित शुल्क की राशि जमा कर प्रवेश लेंगे।
7. अभ्यर्थी के प्रवेश लेने के पश्चात् महाविद्यालय अपने Log-in में उक्त छात्र के नाम में अंकित admit विकल्प को क्लिक कर इसकी Online सूचना MKCL को देगी तब MKCL उक्त छात्र का आबंटन पत्र जारी करेगा।
8. इस प्रक्रिया की सूचना SCERT के वेबसाइट में ही दिया जायेगा तथा किसी भी स्थिति में दिनांक 31.10.2015 के बाद कोई भी प्रवेश प्रक्रिया नहीं की जायेगी।

(संजय कुमार ओझा)
संचालक